# कार्यालयः– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ।

## विज्ञप्ति।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या–2862/एसएलएसए–66/2019 (ऋ/सन्दीप) दिनांकित 28 अक्टूबर, 2022 के अनुसार के साथ संलग्न उत्तर प्रदेश सिविल प्रकिया (जिला न्यायालय) मध्यस्थता नियमावली–2021 में दिये गये निर्देशों अनुकम में तथा माननीय जिला न्यायाधीश महोदय के कार्यालय आदेश संख्या–292 दिनांकित 28.07.2022 के अनुपालन में मध्यस्थ अधिवक्ताओं का चयन किये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ द्वारा आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है, शैक्षिक योग्यता सम्बन्धित वांछित विवरण निम्नवत् हैः–

1–ऐसे अधिवक्ता, जिनके पास न्यायालय में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो,

2–सेवानिवृत्त जिला एंव सत्र न्यायायाधीश/अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश,

3–ऐसे वृत्तिक/विशेषज्ञ, जिनके पास अपने–अपने क्षेत्रो मे कम से कम 15 वर्ष का अनुभव हो और जो विधिक के क्षेत्र में सुपरिचित हों,

## आवश्यक निर्देशः–

1–चयनित आवेदक की नियुक्ति उत्तर प्रदेश सिविल प्रकिया (जिला न्यायालय) मध्यस्थता नियमावली–2021 के अधीन होगी।

2–चयनित आवेदक की नियुक्ति मध्यस्थ पैनल बनाये जाने की दिनांक से तीन वर्ष के लिए होगी।

3–आवेदको एक उपकम प्रस्तुत कराना होगा कि वे भारत के उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति द्वारा यथा विहित मध्यस्थता प्रशिक्षण प्राप्त करेगें।

4–आवेदक को न्यायालय द्वारा किसी आपराधिक मामलें मे दण्डित न किया गया हों।

5–आवेदक आवेदन पत्र के साथ एक स्वपतायुक्त लिफाफा पंजीकृत डाक हेतु निर्धारत टिकट लगाकर प्रस्तुत करेंगें।

6–आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखो व चरित्र प्रमाण–पत्र तथा अन्य आवश्यक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छांयाप्रतिया एंव पासपोर्ट साइज के दो फोटोग्राफ, आधार कार्ड की छांयाप्रति, स्थायी निवास की सत्यप्रतिलिपि अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

उक्त अर्हता रखने इच्छुक अभ्यर्थी मध्यस्थता पैनल में सम्मिलित होने हेतु संलग्न निर्धारित प्रारूप पर आवेदन–पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ के कार्यालय में दिनांक 11.01.2023 की सांय 05:00 बजें तक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर/पंजीकृत डाक द्वारा प्राप्त करा सकते है। उक्त आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद न्यायालय मेरठ की वेबसाइट **https://districts.ecourts.gov.in/meerut** पर जाकर **Recruitment** ऑप्शन पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है।

संलग्नः यथोक्त।

दिनांकः 21.12.2022

भवदीय,

21.12.22

(विजय कुमार)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ।

प्रतिलिपि :–

1–श्रीमान जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।

2–श्रीमान प्रभारी अधिकारी (कम्प्यूटर) जनपद न्यायालय मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति की प्रति को जनपद न्यायालय की बेवसाइड पर अपलोड कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।

3–जिला सूचना अधिकारी, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को समस्त स्थानीय समाचार पत्रो में निःशुल्क व जनहित में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

4–श्रीमान अध्यक्ष/महामंत्री जिला बार एसोसिएशन मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति की प्रति को अपने नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।

5–श्रीमान अध्यक्ष/महामंत्री मेरठ बार एसोसिएशन मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति की प्रति को अपने नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।

6–तहसील सरधना, मवाना एंव सदर मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति की प्रति को अपने नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।

7–केन्द्रीय नाजिर, जिलाधिकारी मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति की प्रति को कलेक्ट्रेट मेरठ व समस्त तहसीलो के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।

8–केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति की प्रति को जनपद न्यायालय, मेरठ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।

21.12.22

(विजय कुमार)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ।

अनुसूची–एक
मध्यस्थता और सुलह केन्द्र
(जिला–मेरठ)
(मध्यस्थ के रूप में पैनल में सम्मिलित किये जाने के लिए आवेदन)

स्वप्रमाणित
फोटो
चिपकायें

1. नाम : ..................................................

2. पिता का नाम : ..................................................

3. पताः–
(क) कार्यालय : ..................................................
(ख) निवास : ..................................................

4. दूरभाष संख्याः–
(क) कार्यालय : .................................. (ख) निवास : ..................................

5. मोबाइल संख्याः–
(क) कार्यालय : .................................. (ख) निवास : ..................................

6. ई–मेल आईडी : ..................................................

7. शैक्षणिक अर्हताएं : ..................................................

8. व्यावसायिक अर्हताएं और अनुभव : ..................................................

9. तकनीकी अनुभव, यदि कोई हो : ..................................................

10. मध्यस्थता में विशेष अर्हता या अनुभव, यदि कोई हो : ..................................................

11. बार काउंसिल नामांकन संख्या और दिनांक : ..................................................
(केवल अधिवक्ताओं के लिए लागू)

12. क्या आपके विरूद्ध किसी न्यायालय में काई आरोप–पत्र प्रस्तुत किया गया है? :..................................

13. क्या आपको किसी नैतिक अधमता में अन्तर्वलित अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध किया गया है?: ..................

14. क्या आपको दिवालिया न्यायनिर्णीत किया गया है या विकृतचित्त का होना घोषित किया गया है?: ..................................

15. क्या आपके विरूद्ध अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा कोई अनुशासनिक कार्यवाहियाँ प्रारम्भ की गयी है, या क्या आपको ऐसी अनुशासनिक कार्यवाहियों में दण्डित किया गया है?: ..................................

मैं .................................................. एतदद्वारा निवेदन करता हूँ कि मैं .................................................. न्यायालय में मध्यस्थ के रूप में पैनल में रखे जाने हेतु इच्छुक हूँ और उत्तर प्रदेश सिविल प्रक्रिया (जिला न्यायालय) मध्यस्थता नियमावली, 2021 के नियम 3 के अधीन पैनल में रखे जाने के लिये अपनी सहमति देता हूँ। यह अश्वासन देता हूँ कि मध्यस्थ के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, मैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के दौरान उक्त नियमावली के नियम 22 में यथा विहित आचारों का अनुसरण करूंगा। मैं, भारत के उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति द्वारा यथा विहित मध्यस्थ प्रशिक्षण ग्रहण करने का वचन भी देता हूँ। मैं घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त प्रस्तुत सूचना मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सत्य है और कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

दिनांकः ..................................                                        पूर्ण हस्ताक्षरः ..................................